MUNGER UNIVERSITY मुंगेर विश्वविद्यालय

# Munger University, Munger (Bihar)

(Estd in 2018 under Bihar State University (Amendment) Act.2016 (Bihar Act-1/2017))

Administrative Block, Shastrinagar, Munger-811201

पत्रांक Mug-DSW-1548/25 दिनांक - 15/09/2025

## सूचना

सभी छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि **स्नातक सी0 बी0 सी0 एस0 सेमेस्टर–I सत्र (2025–29)** में नये आवेदन की तिथि दिनांक 18/09/2025 से 19/09/2025 एवं जिन छात्रों ने पूर्व में आवेदन किया है वे ऑन स्पॉट में सीट बुकिंग करते हुए नामांकन करा सकते हैं। जिन छात्रों ने पूर्व में कराये नामांकन में जीरो पेमेन्ट (Zero Payment) सबमिट नहीं किया है वे पुनः सीट बुक कराकर नामांकन करा सकते हैं तथा पंजीयन प्रपत्र भरने के लिए दिनांक 16/09/2025 से 20/09/2025 तक की तिथि विस्तारित की जाती है।

सभी महाविद्यालय के प्राचार्य से अनुरोध है कि सुनिश्चित करें कि सभी छात्र–छात्राओं का दस्तावेज सही है।

**नोटः– पंजीयन शुल्क 600/– रु0 एवं विलंब शुल्क 400/–रु0 कुल 1000/– रु0 निर्धारित की जाती है तथा पंजीयन के लिए महाविद्यालय से दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन कराना आवश्यक है।**

**ऑन–स्पॉट नामांकन की प्रकिया :–**

1. सर्वप्रथम छात्र डैशबोर्ड पर विषय वार उपलब्ध सीटों की जॉच कर सीट लॉक कर लें।
2. सीट लॉक हो जाने के बाद छात्रों द्वारा अपने कागजातों का भौतिक सत्यापन सम्बन्धित महाविद्यालय में कराना होगा।
3. सभी संबंधित महाविद्यालय द्वारा दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन करने के बाद भुगतान का विकल्प दिया जाएगा।
4. 24 घंटे के अन्दर भुगतान नहीं होने पर नामांकन हेतु की गई बुकिंग रद्द हो जाएगी तथा वह सीट खाली हो जाएगी। इसके बाद उस छात्र का नामांकन का दावा स्वतः समाप्त हो जाएगा।

❖ संबंधित महाविद्यालय में अपना निम्नलिखित मूल दस्तावेज प्रस्तुत करें।

(क) ऑनलाईन किए गए आवेदन–पत्र की छायाप्रति,
(ख) डैसबोर्ड से कॉलेज विवरण की प्रिंट की छायाप्रति,
(ग) विषय सहित आवेदन पत्र की प्रिंट प्रति,
(घ) दसवीं बोर्ड का प्रवेश–पत्र, अंक प्रमाण–पत्र, एवं सर्टिफिकेट,
(ङ) बारहवीं बोर्ड का प्रवेश–पत्र, अंक प्रमाण–पत्र की छाया प्रति/अंक–पत्र की सत्यापित वेब कॉपी,
(च) सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत जाति/कोटि प्रमाण–पत्र (आरक्षण कोटि के लिए) (WBC/EWS/BC/EBC/SC/ST/Sports/NCC/Ward/PH)
(छ) CLC ( CLC की अनुपलब्धता की स्थिति में औपबन्धिक नामांकन की अनुमति दी जा सकती है, पंजीयन के समय CLC देना अनिवार्य होगा।)
(ज) Other Board के लिए माईग्रेशन प्रमाण–पत्र,

**माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार,**

ह0/ 15.09.25

अधिष्ठाता, छात्र–कल्याण
मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर
15/09/25

ज्ञापांकः– Mug-DSW-1549-1557/25 दिनांकः– 15/09/2025

**प्रतिलिपि प्रेषितः–**

1 प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य सभी अंगीभूत/संबद्ध महाविद्यालय, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर,
2 माननीय कुलपति के निजी सहायक, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर,
3 कुलसचिव के निजी सहायक, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर,
4 परीक्षा नियंत्रक/कुलानुशासक, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर,
5 नोडल पदाधिकारी, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर,
6 जनसम्पर्क पदाधिकारी, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर,
7 मोनेटरिंग सेल, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर,
8 सहायक, यू0 एम0 आई0 एस0,
9 वेबसाईट, विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।

15.09.25

अधिष्ठाता, छात्र–कल्याण
मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर
15/09/2025

Nitesh Kumar

Scanned with OKEN Scanner